भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 333 का उत्तर

अमृत भारत स्टेशन योजना

333. श्री नवसकनी के.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तमिलनाडु राज्य में इस योजना के अंतर्गत पुनर्विकास हेतु चिह्नित किए गए स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ग) इन चयनित स्टेशनों पर पुनर्विकास योजना के अंतर्गत शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या किए जा रहे प्रमुख उन्नयन कार्यों से अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

s.k

अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री नवसकनी के. के अतारांकित प्रश्न सं. 333 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): हाल ही में, भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। अब तक, भारतीय रेलों पर तमिलनाडु राज्य के 77 स्टेशनों सहित 1324 स्टेशनों की पहचान की गई है। इस योजना के तहत पहचान किए गए तमिलनाडु राज्य के स्टेशनों के नाम की सूची परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार जैसे स्टेशनों तक पहुंच में सुधार लाना, परिचालन क्षेत्र, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, आवश्यकतानुसार लिफ्टों/स्वचालित सीढ़ियों, स्वच्छता, निशुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणालियों, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यापारिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, प्रत्येक स्टेशन पर अपेक्षित और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लैंडस्केपिंग आदि करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और इन्हें विभिन्न चरणों में कार्यान्वित करना शामिल है।

इस योजना में स्टेशन इमारत में सुधार, शहर के दोनों छोरों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित रेल पथों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाज़ा', दीर्घ अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर की चरणबद्ध योजना व व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है जिससे दीर्घावधि में राजस्व में वृद्धि नहीं होगी।

****

s.k

अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री नवसकनी के. के अतारांकित प्रश्न सं. 333 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण का परिशिष्ट।

तमिलनाडु राज्य में स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	कुल स्टेशनों की संख्या	रेलवे स्टेशनों के नाम
तमिलनाडु	77	अंबासमुद्रम, अंबत्तूर, अराक्कोणम जंक्शन, अरियालुर, अवदी, बोम्मिडी, चेंगलपट्टू जंक्शन, चेन्नई बीच, चेन्नई सेंट्रल, चेन्नई एग्मोर, चेन्नई पार्क, चिदंबरम, चिन्ना सेलम, कुरोम्पेट्टै, कोयम्बटूर जंक्शन, कोयम्बटूर नॉर्थ, कुन्नूर, धर्मपुरी, इरोड, गुडुवनचेरी, गुइंडी, गुम्मिडीपूंडी, होसुर, जोलारपेट्टई जंक्शन, कन्याकुमारी, कराइक्कुडी, करूर, काटापाडी, कोविलपट्टी, कुलितुरई, कुंभकोणम, लालगुडी, मदुरै, माम्बलम, मनापरई, मन्नारगुडी, मयिलादुथुराई, मेट्टुपलयम, मोरप्पुर, नागरकोइल जंक्शन, नमक्कल, पलानी, परमाकुडी, पेराम्बुर, पोदनूर, पोलाची , पोलुर, पुदुक्कोट्टई, राजापलायम, रामनाथपुरम, रामेश्वरम, सेलम, सामलपट्टी, शोलावंदन, श्रीरंगम, श्रीविल्लिपुथुर, सेंट थॉमस माउंट, ताम्बरम, तेनकासी, तंजावुर, तिरुचेंदूर, तिरुनेलवेली, तिरुपत्तूर, तिरुप्पादिरिप्पुलियूर, तिरुपुर, तिरुशूलम, तिरुत्तानी, तिरुवल्लुर, तिरुवन्नामलाई, तिरुवरुर, उदगमंडलम, वेल्लोर कैंट, विल्लुपुरम, विरुधुनगर, वृद्धाचलम जं, डिंडीगुल, तूतीकोरिन

*****

s.k